फर्द अहकाम
कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी :— श्री कन्हैयालाल विपक्षी :— राज्य

किस्म मुकदमा — 136 भू.रा.अधि. पत्रावली संख्या : 117/23

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 13.07.2023 पत्रावली दर्ज रजिस्टर होकर पेश हुई। प्रार्थी स्वयं उपस्थित। तहसीलदार मावली से रिपोर्ट प्राप्त। प्रार्थी व राजपेरोकार को सुना गया। राजपेरोकार द्वारा उपस्थित होकर रिपोर्ट को ही बहस माना जाने का निवेदन कर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाने पर कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी का किशनलाल पिता दला गलत अंकित होना बताया जिसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। राजपैरोकार मावली द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने से उसे संशोधन किया जाने हेतु कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति, मतदाता पहचान पत्र की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, बैंक पास बुक की प्रति, जन आधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति प्रस्तुत कर नाम संशोधन किया जाने का निवेदन किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्र दस्तावेज में प्रार्थी का नाम कन्हैयालाल पिता दला होना जाहिर आया है। राजपेरोकार द्वारा रिपोर्ट पेश कर किशनलाल पिता दला व कन्हैयालाल पिता दला को एक ही व्यक्ति होना बताकर नाम संशोधन किये जाने पर कोई आपत्ति जाहिर नहीं की हैं। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड में गलत अंकित होने से सही किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं। **—: आदेश :—** परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा मावली पटवार हल्का मावली की आराजी नम्बर 2765, 2766 किता 2 रकबा 0.2751 हेक्टेयर भूमि में खातेदार किशनलाल पिता दला के बजाय किशनलाल उर्फ कन्हैयालाल पिता दला संशोधन किया जावे। पालना हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया। **(श्रीकान्त व्यास)** **सहायक कलक्टर** **(SDO) मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Shrikant Vyas
Date: 2023.08.29 16:36:27 IST
Reason: SelfAttested